पत्रांक–14 / मु०स०–20–19 / 2025 / न०वि०एवंआ०वि०

*ई–मेल
स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**राजीव शंकर,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको।

पटना, दिनांक–

**विषयः– मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत विभिन्न निकायों के कुल–24 योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु कुल राशि ₹7535.00050 लाख (पचहत्तर करोड़ पैंतीस लाख पचास रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

**आदेशः स्वीकृत।**

विभागीय संकल्प संख्या–4945, दिनांक–20.07.2024 द्वारा राज्य के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत जल निकासी सहित चौड़ी, सुदृढ़, गुणवत्ता युक्त सड़कों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार तथा पार्कों, घाटों, जलाशयों इत्यादि का निर्माण कराया जाना है।

2. उक्त के क्रम में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2862, दिनांक–11.09.2024 द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के कार्यान्वयन हेतु जिला पदाधिकारी को ₹1.00 करोड़ तक तथा प्रमंडलीय आयुक्त को ₹1.00 करोड़ से उपर तथा ₹2.50 करोड़ रूपये तक की योजनाओं के प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रशासनिक स्वीकृति की शक्ति का प्रत्यायोजन किया गया है। ₹2.50 करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग स्तर से प्रदान की जानी है।

3. उक्त के आलोक में विभिन्न प्रमंडलीय आयुक्त तथा जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त योजना अंतर्गत उनके नगर निकाय से संबंधित ₹2.50 करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं के स्वीकृति का प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराते हुये प्रशासनिक स्वीकृति का अनुरोध किया गया है।

4. उक्त वर्णित स्थिति के आलोक में में निम्न तालिका के स्तम्भ– 4 में अंकित योजनाओं के सम्मुख स्तम्भ–5 में अंकित कुल 24 योजनाओं के तकनीकी अनुमोदन की राशि ₹7535.00050 लाख (पचहत्तर करोड़ पैंतीस लाख पचास रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति स्तम्भ–6 में अंकित राशि के अनुरूप मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत निम्नवत प्रदान की जाती हैः–

(राशि लाख में)

| क्र० सं० | जिला का नाम | नगर निकाय का नाम | योजनाओं का नाम | तकनीकी अनुमोदन की राशि | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* |
| 1 | शिवहर | नगर परिषद्, शिवहर | नगर परिषद्, शिवहर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०–08 में राधा कृष्ण मंदिर से पूनम देवी के घर होते हुये जल रोड तक पथ एवं नाली का निर्माण कार्य। | 304.14000 | 304.14000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | कैमूर | नगर परिषद्, भभुआ | नगर परिषद्, भभुआ क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०–07 एवं 13 में स्टेडियम गेट से एकता चौक तक रोड से दक्षिण आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य। | 264.21858 | 264.21858 |
| 3 | | नगर परिषद्, भभुआ | नगर परिषद्, भभुआ क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०–16 एवं 18 में पूर्वी तरफ एकता चौक से कैमूर स्तम्भ तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य। | 278.45989 | 278.45989 |
| 4 | वैशाली | नगर परिषद्, लालगंज | नगर परिषद्, लालगंज क्षेत्रान्तर्गत शारदा सदन पुस्तकालय के नजदीक से नाका नं०–1 पीछे की ओर होते हुये बाईपास बेदौली मोड़ तक नाला एवं पी०सी०सी० सड़क का निर्माण कार्य। | 378.92900 | 378.92900 |
| 5 | सारण | नगर निगम, छपरा | नगर निगम, छपरा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०–37 एवं 38 में अग्रहरी अपार्टमेंट से रावल टोला पीपल के पेड़ तक नाली उन्नयन एवं पथ का निर्माण कार्य। | 304.41421 | 304.41421 |
| 6 | | नगर निगम, छपरा | नगर निगम, छपरा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०–17 रेलवे पूर्वी गुमटी बसंतपुर से नरेश पंडित के घर होते हुये प्राथमिक विद्यालय एवं बुनियादी केन्द्र होकर BSNL ऑफिस के बगल वाले गड्ढ़ा तक पथ एवं नाला निर्माण कार्य। | 363.30284 | 363.30284 |
| 7 | मधुबनी | नगर निगम, मधुबनी | नगर निगम, मधुबनी क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०–24/31 में अब्दुल के घर से मौसम साह के घर होते मोहम्मद सुलतान के घर तक पी०सी०सी० सड़क एवं नाला निर्माण कार्य। | 254.13000 | 254.13000 |
| 8 | जमुई | नगर परिषद्, जमुई | नगर परिषद्, जमुई क्षेत्रान्तर्गत डॉ० सूर्यनारायण क्लिनिक से नदी तक नाला निर्माण कार्य। | 328.29356 | 328.29356 |
| 9 | | नगर पंचायत, सिकन्दरा | नगर पंचायत, सिकन्दरा क्षेत्रान्तर्गत मुख्य चौक शहीद द्वार से मुख्य बाजार होते हुये मिशन चौक तक नाला एवं पी०सी०सी० पथ का निर्माण कार्य। | 326.83300 | 326.83300 |
| 10 | मुंगेर | नगर निगम, मुंगेर | नगर निगम, मुंगेर क्षेत्रान्तर्गत धरहरा फुलका रोड का निर्माण कार्य। | 304.10784 | 304.10784 |
| 11 | भागलपुर | नगर निगम, भागलपुर | नगर निगम, भागलपुर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या–51 कुतुबगंज में प्रकाश पासवान के घर से कोईली रोड होते हुये मानिकपुर दुर्गा स्थान वारसलीगंज सुबोध स्वर्णकार के घर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाला निर्माण कार्य। | 375.60003 | 375.60003 |
| 12 | | नगर निगम, भागलपुर | नगर निगम, भागलपुर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य पथ बौंसी रोड मोजाहिदपुर से पन्ना मिल रोड से वार्ड संख्या–46, 45, 44 एवं 43 होते हुये हुसैनाबाद तक पी०सी०सी० सड़क एवं नाला निर्माण कार्य। | 322.69730 | 322.69730 |
| 13 | | नगर पंचायत, कहलगाँव | नगर पंचायत, कहलगाँव क्षेत्रान्तर्गत एन०एच०–80 (उल्टा पुल) से हाट होते हुये ब्लॉक रोड स्थित नहर तक सड़क का निर्माण कार्य। | 280.04384 | 280.04384 |
| 14 | औरंगाबाद | नगर पंचायत, देव | नगर पंचायत, देव क्षेत्रान्तर्गत देव गोदाम से टेकारी नदी तक नाला निर्माण कार्य। | 286.04583 | 286.04583 |
| 15 | | नगर परिषद्, औरंगाबाद | नगर परिषद्, औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत रामबांध से महर्षि में ही आश्रम होते हुये क्षत्रीय नगर तक पथ निर्माण कार्य। | 368.23511 | 368.23511 |
| 16 | सिवान | नगर पंचायत, बसंतपुर | नगर पंचायत, बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिपाह दुर्गा मंदिर से नगौली सीमा तक सड़क में पी०सी०सी० एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 298.24690 | 298.24690 |
| 17 | | नगर पंचायत, गुठनी | नगर पंचायत, गुठनी क्षेत्रान्तर्गत गुठनी मटकोरवा से हनुमानगंज बगीचे तक पथ का निर्माण कार्य। | 256.94800 | 256.94800 |
| 18 | | नगर पंचायत, मैरवा | नगर पंचायत, मैरवा क्षेत्रान्तर्गत मनोज सिंह के मकान से नहर के बगल से रेलवे पुल तक नाला निर्माण कार्य। | 261.30410 | 261.30410 |
| 19 | | नगर पंचायत, महाराजगंज | नगर पंचायत, महाराजगंज क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०–6 में भारतीय स्टेट बैंक, महाराजगंज सुरेश पान भण्डार रोड के दाये ओर आर०सी०सी० नाला का निर्माण कार्य। | 259.87270 | 259.87270 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | नगर परिषद्, सिवान | नगर परिषद्, सिवान क्षेत्रान्तर्गत लक्ष्मीपुर में एयरटेल टावर से पश्चिम शिव मंदिर होते हुये खाड़ तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य। | 342.33440 | 342.33440 |
| 21 | | नगर परिषद्, सिवान | नगर परिषद्, सिवान क्षेत्रान्तर्गत प्रभावती देवी कॉलेज से पोखर होते हुये फुलवारी तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य। | 396.38000 | 396.38000 |
| 22 | | नगर परिषद्, सिवान | नगर परिषद्, सिवान क्षेत्रान्तर्गत महादेवा रोड में पंचमुखी शिव मंदिर से डी०एम० आवास होते हुये शिव मंदिर तक सड़क के पश्चिम तरफ नाला निर्माण कार्य। | 329.97670 | 329.97670 |
| 23 | रोहतास | नगर पंचायत, चेनारी | नगर पंचायत, चेनारी में इन्द्रा चौक से चेनारी थाना तक सड़क एवं आर०सी०सी० नाला स्लैब सहित निर्माण कार्य। | 374.45352 | 374.45352 |
| 24 | पूर्णिया | नगर पंचायत, चम्पानगर | नगर पंचायत, चम्पानगर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या–12 में बच्चा लाल के घर से यादव टोला तक पी०सी०सी० सड़क निर्माण कार्य। | 276.03315 | 276.03315 |
| | | | **कुल योग** | **7535.00050** | **7535.00050** |

5. उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन बुडको द्वारा ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदा प्रकाशित कर किया जायेगा।

6. योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय पत्रांक– 2872, दिनांक– 12.09.2024 द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका–सह–विवरणिका के आलोक में कराया जायेगा।

7. उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु सभी नगर निकायों के निमित्त कर्णांकित कुल ₹500.00 करोड़ मात्र में से संबंधित नगर निकायों के जनसंख्या के आधार पर कर्णांकित राशि के तीन गुणी राशि तक के अंतर्गत ही कराया जायेगा।

8. चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य योजना मद से कुल ₹400.00 करोड़ मात्र विभागीय राज्यादेश संख्या–316, दिनांक–11.02.2025 द्वारा बुडको को आवंटित की जा चुकी है।

9. योजनाओं के कार्यान्वयन के क्रम में समय–समय पर निर्गत विभागीय निदेशों का अक्षरशः पालन किया जायेगा।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

ह०/–

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–14/मु०स०–20–19/2025 1211 /न०वि०एवंआ०वि०/पटना, दिनांक– 28/3/25

**प्रतिलिपिः–** आयुक्त, सभी प्रमंडल, बिहार/प्रबंध निदेशक, बुडको/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/नगर आयुक्त, संबंधित नगर निगम/कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित नगर परिषद् एवं नगर पंचायत/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/संबंधित कोषागार के कोषागार पदाधिकारी/योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (बजट प्रशाखा)/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव/विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग/विभागीय लेखापाल/स्थानीय लेखा परीक्षक, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–02, 06 एवं 14 नगर विकास एवं आवास विभाग/विभागीय आई०टी० मैनेजर को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सरकार के संयुक्त सचिव।**